**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : उ०वि०शि०प०/यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 03/ 118-122 /2026–27 दिनांक 10 अगस्त 2026

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET- I &II) 2026**

**ऑनलाइन आवेदन में संशोधन हेतु तिथि सम्बन्धी सूचना**

परिषद् के पत्रांक : उ०वि०शि०प०/यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 01/77–81/2026–27 दिनांक 14 जुलाई 2026 क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) **UTET-I&II 2026** का आयोजन **दिनांक 29 सितम्बर 2026 (मंगलवार) को (क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक UTET-I तथा अपराह्न 02:00 बजे से 04:30 तक UTET-II) राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।**

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026 (प्रथम एवं द्वितीय) में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **दिनांक 14 जुलाई 2026 से 11 अगस्त 2026** तक ऑनलाइन आवेदन (शुल्क सहित) आमंत्रित किये गये थे। **अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हुई है तो त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 12 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 (रात्रि 11:59 बजे तक) खोला जायेगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने ऑनलाइन आवेदन में त्रुटिपूण प्रविष्टियों में (शुल्क को छोड़कर) संशोधन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी दशा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा। त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि निम्नवत है–**

- **आवेदन पत्रों में संशोधन करने की तिथि : 12 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)**

शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

पृ0स0 : उ०वि०शि०प०/यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 02/ 118-122 /2026–27 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक मा0शिक्षा/सभापति, उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड देहरादून।
3. सूचना सम्प्रेषण अनुभाग को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति परिषद की वेबसाइट पर DEPARTMENTAL EXAM/UTET कार्नर पर अपलोड करें।
4. सम्पादक, दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान, अमर उजाला एवं उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 06cm x 08cm. के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार–पत्र के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल सूचना अधिकारी से सत्यापित कर भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।
5. कार्यालय पत्रावली।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

Scanned with OKEN Scanner